सार-समाचार

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन



**जालोर, (कासं)।** जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में सोमवार को दो दिवसीय अंडर 23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ।विद्या भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित समापन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी केएन भाटी थे। जबकि अध्यक्षता जिला वुशू संघ के अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने की।समारोह के विशिष्ट अतिथि जोधपुर के शिक्षक नेता श्याम शाहू व मंडोर पंचायत समिति सदस्य श्रवण कुमार थे।जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल व महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने दूसरे दिन आयोजित दौड़ प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि बालिकाओं की सौ मीटर फर्राटा दौड़ में भूमिका बादनवाडी चेम्पियन रही। वहीं प्रेरणा बालावत बादनवाडी ने दूसरा व कविता जालोर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार 200 मीटर दौड़ में मुस्कान,तरुणा,आराध्या ने क्रमशः पहला दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालकों में मध्यम दूरी की 1500 मीटर दौड़ में भावेश कुमार,भगवाना राम, राकेश कुमार क्रमशः ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं 100 मीटर दौड़ में सूर्यवीर सिंह, सिकंदर अली, युवराजसिंह, 200 मीटर दौड़ में नरपत कुमार,अनिल,रायचंद, 400 मीटर में प्रवीण कुमार, रणछोडाराम, राकेश कुमार, 800 मीटर दौड़ में प्रवीण कुमार, अनिल व रणछोडा राम ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता खिलाड़ियों को मैडल जिला एथलेटिक्स संघ की ओर से प्रदान किये गये।

## नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

**पाली, (निसं)।** पाली में सोमवार को बाबा रामदेव कॉलोनी में 17 साल की एक नाबालिग ने फंदा लगा कर जान दे दी। घटना के समय युवती घर में अकेली थी। परिवार शादी में गया हुआ था। घटना सोमवार को पाली शहर के औद्योगिक थाने के बाबा रामदेव कॉलोनी में हुई। यहां रहने वाली 17 साल की नाबालिक ने घर में फंदा लगा कर जान दे दी। घटना के समय युवती घर में अकेली थी परिवार के लोग शादी में गए हुए थे। युवती ने हाल में 12वी पास की। घर वालों ने पुलिस को बताया कि मृतका को पेट दर्द की शिकायत रहती थी। संभवत पेट दर्द से परेशान होकर उसमे ये कदम उठाया। घर आए तो मृत मिली बेटी घटना के समय मृतका के परिजन शादी में गए हुए थे। वे जब घर पहुंचे तो बेटी फंदे पर लटकी मिली। ये देख उनके होश उड़ गए। तुरंत उसे हॉस्पिटल ले गए जहा जांच के बाद उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**बाप, (निसं)।** बाप कस्बे के एनएच 11 पर किशनेरी गांव के पास सोमवार सुबह हुए एक सडक हादसे में वक्त बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मुख्य आरक्षी भंवरसिंह ने बताया की शेराराम पुत्र आसुराम निवासी नारंवाली 12 एनडी अनूपगढ जिला गंगानगर बाप थाना क्षेत्र के सिहडा गांव में अपने रिश्तेदारी के यंहा शादी में आया हुआ था। सोमवार सुबह बाइक से अपने गांव वापिस जा रहा था। सुबह करीब 8 बजे किशनेरी के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को अपनी चपेट में लिया। भीषण दुर्घटना में बाइक भी चकनाचूर हो गई। हादसे में उसकी भी मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलने पर बाप थाना से मुख्य आरक्षी भंवर सिंह, कांस्टेबल मूलचंद आदि पहुंचे। उसके पास मिले आधार व ड्राइविंग लाईसेंस से उसकी पहचान हो पाई। पुलिस ने की सूचना पर दोपहर बाद मृतक के घरवाले बाप पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मृतक के भाई रामलाल ने बाप थाने में दुर्घटना की प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

## अखाड़े के उस्तादों का किया सम्मान

**पाली, (निसं)।** मोहर्रम के सद्दो की रस्म के दौरान गुरुवार शाम को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवलखा रोड़ कादरिया चौक में के जी एन सेवा समिति एवं के जी एन यूथ फेडरेशन द्वारा अखाड़ो के उस्तादों, लाइसेंसदारो, शागिर्दों, मोहर्रम एव अखाड़ा कमेटी ,जनप्रतिनिधियो, एवं समाजसेवियों का इस्तकबाल एवम हौसला अफजाई कर अखाड़ो में असला भेंट कर साफ़ा एवं माला पहनाकर इस्तकबाल किया गया। यह जानकारी देते हुये पूर्व पार्षद एवं समिति उपाध्यक्ष आमीन अली रंगरेज़ ने बताया कि कार्यक्रम में मोहम्मद फिरोज खान चितेरा,रमजान सामरिया,नोसाद खान, शाहिद पीनू, साबिर जोया, मुन्ना मकरानी, जहीर मकरानी, महबूब कबाड़ी, इमरान चूडीघर, गुलाम रसूल इलू, अमजद अली जोया, इरफान अंसारी, साहिल,अनवर चौहान सुहाना, जावेद सिरोहा सहित सदस्य मौजूद रहे।

## एन.सी.सी. कैडेटस ने किया पौधारोपण

**जालोर,(कासं)।** वीर वीरमदेव राजकीय स्ना.महाविद्यालय, जालोर में सोमवार को एनसीसी कैडेटस द्वारा सघन पौधारोपण किया गया। एनसीसी प्रभारी किशोर कुमार ने बताया कि पर्यावरण की आवश्यकता को देखते हुए केन्द्र सरकार ने एक पेड मां के नाम अभियान चलाया है। महाविद्यालय के समस्त एनसीसी कैडेट्स ने एक पौधा केडेट के नाम अभियान जो एक पेड मां के नाम नवाचार का ही एक हिस्सा है, के तहत पौधारोपण किया एवं उसे आजीवन पालन की शपथ ली। कार्यक्रम में एनसीसी प्रभारी किशोर कुमार एवं महाविद्यालय के समस्त एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

## छात्रसंघ चुनाव करवाने की मांग

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान में अब विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों व कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव करवाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इसी मांग को लेकर सोमवार को जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के बाहर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। वहीं एक अन्य छात्र नेता ने अपने खून से छात्रसंघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर पत्र लिखा है।

# 'जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर को नल कनेक्शन से जोड़ें'

**जालोर, (कासं)।** जिला कलैक्टर पूजा पार्थ की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने विभागवार प्रगतिरत प्रोजेक्ट्स की समीक्षा करते हुए अधिकारियों का आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलैक्टर पूजा पार्थ ने जल जीवन मिशन के तहत एफएचटीसी के कार्यों में गति लाते हुए प्रत्येक घर को नल कनेक्शन से जोड़ने तथा प्रत्येक स्कूल व आंगनवाड़ी केन्द्र को शत-प्रतिशत विद्युत

- **जिला कलेक्टर पूजा पार्थ ने क्षतिग्रस्त पोल को बदलने व ढीले तारों को दुरूस्त करने के निर्देश दिए**



जालोर के कलैक्ट्रेट सभागार में जिला कलैक्टर पूजा पार्थ ने जिला अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक ली। फोटो राष्ट्रदूत

व पेयजल से जोड़े जाने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र जालोर में इन्टरलॉकिंग टाईल्स के कार्य को समय पर पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बिजली सुरक्षा अभियान के तहत क्षतिग्रस्त पोलों को शत-प्रतिशत रूप से बदलने तथा ढीले तारों को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। जिला कलैक्टर ने नगर परिषद जालोर को रैन बसेरों में आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित करने तथा वार्डों में साफ-सफाई एवं फोगिंग कार्य के लिए निर्देशित किया। उन्होंने "एक पेड़ माँ के नाम" वृक्षारोपण महाभियान के तहत शहरी क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्य करवाने की बात कही। उन्होंने रसद विभाग के अधिकारियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत पात्र दिव्यांग एवं बुजुर्ग उपभोक्ताओं को राशन की डोर-स्टेप डिलीवरी सुनिश्चित करने की बात कही।

बैठक में उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को आमजन को विशेष शिविरों के माध्यम से सडक सुरक्षा की प्रति जागरूक करने तथा बाल वाहिनियों की फिटनेस जांच करने के निर्देश दिए। जिला कलैक्टर ने जिले में ई-मित्र प्लस मशीनों के संचालन के लिए सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के अधिकारियों को ब्लॉकवार प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए निर्देशित किया। जिला कलैक्टर पूजा पार्थ ने शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को ग्राम स्तर पर मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य, शिक्षा व कृषि क्षेत्र में सुधारों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलैक्टर शिवचरण मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, उप वन संरक्षक देवेन्द्र सिंह भाटी, एसीईओ चिदंबरा परमार, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, पीएमओ डॉ. पूनम टांक, डिस्कॉम के एसई पी.एस.राठौड़, पीडब्ल्यूडी एसई चतुर्भुज खुडीवाल, पीएचईडी के अधिशासी अभियंता श्यामबिहारी बैरवा, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के अशोक विश्नोई सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवीन कक्षा-कक्ष व पुस्तकालय निर्माण कार्य का शिलान्यास

**जालोर (कासं)।** जालोर संसदीय क्षेत्र के सांसद लुम्बाराम चौधरी ने सोमवार को लेटा निवासी भामाशाह परिवार हिम्मतमल गणेशमलजी भण्डारी के सहयोग से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लेटा में नए 10 कक्षा-कक्षों एवं पुस्तकालय के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम में सांसद लुम्बाराम चौधरी ने कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में भामाशाहों का सहयोग अतुलनीय हैं। वर्तमान में केन्द व राज्य सरकार एवं भामाशाह मिलकर राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने वृक्षारोपण महाभियान के तहत ग्रामीणों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के माध्यम से पेड़ लगाकर प्र.ति के प्रति प्रेम व संरक्षण की भावना विकसित करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान लेटा पीईईओ व प्रधानाचार्य हरीश कुमार सांखला ने भामाशाहों का स्वागत किया तथा



लेटा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा कक्ष के निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद लुम्बाराम चौधरी ने किया। फोटो राष्ट्रदूत

आभार जताया। इस अवसर पर लेटा मठ के महंत विष्णु भारती, गोकुल भारती, जिला प्रमुख राजेश कुमार, जालोर प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित, अतिरिक्त जिला शिक्षाधिकारी (प्रारम्भिक) नरेन्द्र परमार, मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी किस्तुराराम बामणिया, लेटा सरपंच श्रीमती शांति देवी, राजेश भण्डारी, भंवरलाल भण्डारी, रोहित भण्डारी, माधुजी प्रजापत, सुजाराम चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सांसद लुम्बाराम चौधरी ने राउमावि लेटा के परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने वृक्षारोपण महाभियान के तहत ग्रामीणों व विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उनकी देखभाल करने की बात कही।

## झांसा देकर निकाले 91 हजार रुपए

**जोधपुर, (कासं)।** जिला जोधपुर ग्रामीण की साइबर सेल ने ऑनलाइन रिव्यू करने के नाम पर ठगी के शिकार हुए परिवादी को रुपए रिफंड करवाने में सफलता हासिल की है। ठगों ने उसे व्हॉट्सएप पर मैसेज भेजकर ऑनलाइन रिव्यू देकर पैसे कमाने का लालच देकर शिकार बनाया। इसका पता चलने पर परिवादी ने साइबर पोर्टल पर ठगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

ग्रामीण पुलिस साइबर सेल के कांस्टेबल पुखराज और दयाल सिंह ने 1930 के जरिए साइबर पुलिस पोर्टल पर दर्ज परिवादी भूरसिंह निवासी खेड़ापा की शिकायत पर यह कार्रवाई की। साइबर सेल की टीम ने बैंक के नोडल अधिकारियों से पत्राचार कर 91 हजार 499 रुपए की राशि बैंक खाता में होल्ड करवाई। पुलिस थाना खेड़ापा के कांस्टेबल प्रकाश गोस्वामी व लालू राम ने कोर्ट से रिफंड आर्डर करवा कर परिवादी भूरसिंह को राशि रिफंड करवाने में सफलता हासिल की।

## पाठ्यपुस्तक सामग्री बांटी

**रेवदर, (निसं)।** जीवन सारथी संस्थान रेवदर द्वारा जनसहयोग से लगातार विविध क्षेत्रों में सामाजिक सरोकार से जुडे कार्यों को निस्वार्थ भाव से किया जा रहा है, संस्थान द्वारा लगातार लंबे समय से क्षेत्र की राजकीय स्कूलों में पाठ्यपुस्तक वितरण अभियान के तहत सामग्री का वितरण कर रही है, इसी अभियान के तहत जनसहयोग से राजकीय प्राथमिक विधालय खजूरिया नाडी बासन में संस्थान ने पाठ्यपुस्तक सामग्री का वितरण किया, इस अवसर पर विधालय के पचास बच्चो को वितरण किया गया।

# आयुर्वेद विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज

**जोधपुर, (कासं)।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति ने बताया कि विश्वविद्यालय का सप्तम् दीक्षान्त समारोह विश्वविद्यालय परिसर स्थित सुश्रुत सभागार में राज्यपाल की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित होने जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. गोविन्द सहाय शुक्ल ने बताया कि दीक्षान्त समारोह से संबंधित समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, राज्यपाल के आगमन पर कुलपति प्रोफेसर प्रजापति उनकी अगवानी एवं स्वागत करेंगे। उसके बाद विश्वविद्यालय परिसर स्थित संघटक नवनिर्मित महाविद्यालय नेचुरोपैथी एवं योगिक साइंसेज के भवन का लोकार्पण राज्यपाल करेंगे, तत्पश्चात पुलिस बैंड के साथ एकेडमिक प्रोफेशन मंच तक पहुंचेगा, राष्ट गान एवं कुल गीत के पश्चात राज्यपाल की अनुमति से दीक्षांत समारोह का शुभारंभ होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति स्वागत भाषण प्रस्तुत करेंगे। तत्पश्चात विद्यार्थियों को राज्यपाल दीक्षा प्रदान करेंगे तथा प्रथम स्थान प्राप्त 11 आयुष स्नातक एवं स्नातकोतर विद्यार्थियों को माननीय राज्यपाल महोदय चांसलर गोल्ड मेडल तथा आयुर्वेद संकाय के टॉपर्स को डाबर इंडिया लिमिटेड द्वारा प्रदत्त स्वर्ण पदक से सम्मानित करेंग ।

# जोधपुर में जैन संत व साध्वियों ने किया चातुर्मासिक मंगल प्रवेश

**जोधपुर, (कासं) ।** सोमवार को जैन संतों एवं साध्वीजनो ने धूम-धड़ाके चातुर्मासिक मंगल प्रवेश किया। चातुर्मास प्रवेश पर लोगो का देखते बन रहा था।

राजेन्द्र सूरी जैन त्रिस्तुतिक संघ के तत्वावधान में साध्वी कारुण्य लता, वीतराग लता, शत्रुंजय लता, समत्व

- **प्रवेश यात्रा के दौरान साध्वी वृंद का जगह जगह स्वागत किया**



जैन संतों एवं साध्वीजनों ने चातुर्मासिक मंगल प्रवेश किया।

लता की चातुर्मास मंगल प्रवेश यात्रा श्री भैरुबाग से जालोरी गेट, नर्सिंग दड़ा, कबूतरों का चौक होते हुए खेरादियो बास स्थित श्री राजेन्द्र भवन पहुंची।

संघ अध्यक्ष पारस पोरवाल व सचिव हीराचंद भंडारी ने बताया कि प्रवेश यात्रा के दौरान साध्वी वृंद का जगह जगह स्वागत किया गया, गंतव्य स्थल पर पहुँचने पर राजेन्द्र महिला मंडल ने मंगल कलश से अगवानी की। साध्वी श्री को कांबली मीठालाल उम्मेदमल कुंकु चौपडा परिवार द्वारा वोहरायी गई। साध्वीश्री ने अपने आशीर्वचन में कहा कि चार माह की अवधि में मानव कल्याण के लिये धार्मिक क्रियाओं की धारा बहानी होगी। चातुर्मास के दौरान मन के आंतरिक विकारों, वैमनस्य व आपसी मतभेद को भुलाकर नए जीवन की शुरुआत करने का अवसर प्राप्त हुआ है। संघ के उपाध्यक्ष महेन्द्र सुराणा ने बताया कि पिछले दस दिन से राजेन्द्र मित्र मंडल के सदस्यों ने मिलकर पूरे भवन व प्रवचन पंडाल को सुसज्जित किया है, जहां चार माह तक ज्ञान की वाणी का नित्य श्रवण किया जायेगा । संघ मंत्री सुरेश लूँकड़ ने बताया कि साध्वीवृंद के सांसारिक परिवार का संघ की ओर से स्वागत किया । महिला मंडल की मंजु लूँकड, मंजु बोहरा, मंजु-निकिता भंडारी, प्रिया चंडालिया, रेखा मेहता, रमीला भंडारी, सोनल जैन, उर्मिला ने कलात्मक शैली से गेहूली का चित्रण किया एवं आगमन का मंगल गीत प्रस्तुत किया। इसी प्रकार श्रमण संघीय प्रथम युवाचार्य बहुश्रुत ज्ञान योगी मिश्रीमल म.सा. मधुकर के प्रधान शिष्य श्रमण संघीय सलाहकार उप प्रवर्तक विनय मुनिजी म.सा.भीम की आज्ञानुवर्तीणी साध्वी प्रतीक म.सा., निधिजी म.सा., मुदित प्रभा म.सा. आदि ठाणा का सैकडों श्रावक श्राविकाओं के साथ निमाज की हवेली, महावीर भवन में चातुर्मासिक मंगल प्रवेश हुआ। चातुर्मासिक मंगल प्रवेश यात्रा सोमवार को सरदारपुरा स्थित कोठारी भवन से सिवांचीगेट, खाण्डा फलसा, आडा बाजार, सर्राफा बाजार, सिरे बाजार होते हुए शहर के भीतरी क्षेत्र कपडा बाजार स्थित महावीर पहुंची।साध्वी मुदित प्रभाजी म.सा. ने मंगल गीत व साध्वी प्रतीक म.सा. ने चातुर्मास में अधिक से अधिक जप, तप, ध्यान, त्याग व स्वाध्याय करने व तपोचार्य सन्मति मुनि साहिल म.सा. ने चातुर्मास को एतिहासिक व अध्यात्मिक बनाने की अपील की। संस्थान के मीडिया प्रभारी राकेश गोदावत ने बताया कि इस अवसर पर सुश्रावक लाभचंद टाटिया ने मंगलाचरण व त्रिशला महिला मंडल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

# सागरमल गोपा विद्यालय में बना विज्ञान कक्ष

**जैसलमेर, (निसं)।** शहर के निवासियों को दशकों से शिक्षा प्रदान करने वाले राजकीय सागरमल गोपा सीनियर सेकेंडरी विद्यालय मेंदशकों पूर्व स्व. श्री जीवनलाल कोठारी द्वारा विज्ञान कक्ष बनवाया गया उसी विज्ञान कक्ष में 1969 में शिक्षा पूर्ण कर देश के कोने कोने में व्यवसाय करने वाले गोल्डन ठ्ठुप के छात्रो द्वारा अपनी मातृभूमि की सेवा करते हुए सोमवार को एक नये विज्ञान कक्ष का लोकार्पण करवाया गया।

लोकार्पण आयोजन के मुख्य अतिथि निर्वतमान आईएएस अधिकारी श्यामसुन्दर बिस्सा, अतिथिडा. बी एल शर्मा, नगरपरिषद सभापति हरिवल्लभ कल्ला,माहेश्वरी समाज अध्यक्ष श्री जगदीश बिसानी, रावतमल सांवल, विद्यालय प्रमुख रहे। मुख्यअतिथि बिस्सा ने रिबन काट कर विज्ञान कक्ष का लोकर्पण किया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के आगे ज्योत प्रजवलित कर, पुष्पमाला पहना धुंपबती कर पूजा अर्चना की।तत्पश्चात अतिथियों का माल्यार्पण कर साफा पहना और शाल ओढ़ा कर अभिनन्दन किया गया। आयोजन में विद्यालय के निर्वतमान शिक्षक रमनलाल, हीरालाल चांडक राधेश्याम चांडक, नंदकिशोर केला, मदनलाल जिनगर, चंद्रप्रकाश बल्लानी, मदनलाल चांडक,मोहनलाल खत्री, एडवोकेट रानीदान सेवक, गोवर्धन बिस्सा, अमृतलाल सांवल, किशोरीलाल मालपनी,भावेश चांडक, प्रमोद जॉवधीया, डा, खत्री, जयसिंह केला, पुरुषोत्तम बिस्सा, लक्ष्मीनारायण झंवर, जयप्रकाश चांडक,मानक गोलकिया, उम्मेदसिंह तंवर, सुमार खान, गोपी किशन मेहरा, मनोहरलाल केला, बृजमोहन रामदेव, लक्ष्मीनारायण श्रीमाली, मुरलीधर खत्री, अरुण बल्लानी, महेश व्यास, घनश्याम केला 1969 में विद्यालय से शिक्षा पूर्ण करने वाले छात्रों की गृहनिया विजया सांवल, कांता केला, छगनी देवी सांवल,उदयकँवर चांडक, हेम जैन सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रही।

सार-समाचार

## पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**जालोर,(कासं)।** जालोर शहर के ईदगाह स्थित सिलावटान कब्रिस्तान में समाज के लोगों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर प्रकृति के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।कार्यक्रम संयोजक सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान ने बताया कि प्रदेश भर में राज्य सरकार की ओर से चलाए जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सिलावटान कब्रिस्तान में पौधारोपण किया। इस अवसर पर पोधारोपण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास हरा भरा वातावरण बनाए रखना चाहिए एवं प्रकृति के प्रति सदैव कर्तव्य होकर इसकी रक्षा के लिए जागरूक रहना चाहिए। सभी लोगों को पोधरोपण में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। सिलावट समाज कब्रिस्तान में विभिन्न प्रजाति के 11 पौधे लगाए गए ।वही समाज के लोगों ने कब्रिस्तान के बगीचे में साफ सफाई कर श्रमदान कार्य भी किया। कब्रिस्तान में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाकर उन्हें प्रतिदिन पानी देकर पौधो को पनपने का संकल्प लिया गया। इस अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा पोधारोपण करने की अपील की गई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद अयुब शेख, इकराम खान इंसाफ अली जहांगीर खान, जानशेर खान, संजय खान, हमजा आदि उपस्थित थे।

## अतिक्रमण हटाए

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने नियमित रूप से अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर कार्यवाही की। प्राधिकरण दस्ते ने सोमवार को ग्राम जोधपुर के ख.सं. 632/49, 632/33 व 632/34 में अवैध कॉलोनी पर कार्यवाही की गई, साथ ही डीपीएस चौराहा से डालीबाई चौराहा तक सडक मार्गाधिकार के अतिक्रमणों को हटाया। तहसीलदार जोन ०2 पेमाराम ने बताया कि जेडीए दस्तेने सोमवार को ग्राम जोधपुर के ख.सं. 632/49, 632/33 व 632/34 के निरीक्षण के दौरान लगभग 8 बीघा भूमि अवैध रूप कॉलोनी विकसित की जा रही थी। मौके पर मुडिया रोड बनी हुई पायी गई एवं नीवें खोदकर सीवरेज लाईन हेतु पाईप डालने का कार्य किया जा रहा था, जिसे दस्ते द्वारा बंद करवाया जाकर सीवरेज पाईपों को बाहर निकाल नीवों को पुनः भरा गया एवं मुडिया रोड को क्षतिग्रस्त किया। कार्यवाही के दौरान एक ट्रैक्टर सहित अन्य सामानों को जब्त कर प्राधिकरण कार्यालय लाया गया तथा अप्रार्थी को सख्त हिदायत दी गयी कि प्राधिकरण की बिना सक्षम स्वीकृति एवं सेना के अनापत्ति प्रमाण पत्र के बिना सेना के निर्माण निषेध क्षेत्र में किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं करें अन्यथा प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार सख्त कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।इसी प्रकार सघन अभियान के तहत सडक मार्गाधिकार के अतिक्रमणों पर कार्यवाही के क्रम में जेडीए अतिक्रमण दस्तेने सोमवार को डीपीएस चौराहा से डालीबाई चौराहा मौका निरीक्षण कर मुख्य सडक भाग के दोनों तरफ एवं फुटपाथ पर अनाधिकृत एवं अवैध रूप से लगे साईन बोर्ड, दुकानों के आगे रखा सामान, चाय स्टेण्ड, लोहे की फ्रेमें, केबिन, तिरपाल, ठेला, पत्थर के स्टेण्ड, सिरकियों के छप्परें इत्यादि अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया गया। दस्ते नेसडक मार्गाधिकार को अतिक्रमण मुक्त कर आवागमन के लिए सुचारू करवाया


**कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर ( राज ) 345001**

क्रमांक/भूमि/2024-25/65 दिनांक: 12.07.2024

प्रसारित नोटिस उजरदारी

1. धर्मप्रकाश पुत्र स्व.श्री भूपत 2.मालती पुत्री स्व. श्री भूपत 3. पंकज भूपडा पुत्र स्व. श्री भूपत 4. प्रीती पुत्री स्व. श्री भूपत जाति माहेश्वरी निवासी गफूर भट्टा कच्ची बस्ती जैसलमेर द्वारा एक आवेदन पत्र व मृत्यु प्रमाण-पत्र, [illegible] भूखण्ड संख्या एफ-194, साईज 20 गुणा 45 कुल 900 वर्गफीट वाके गफूर भट्टा कच्ची बस्ती जैसलमेर श्रीमती रामप्यारी की मृत्यु दिनांक 08.03.2019 व भूपतराम की मृत्यु दिनांक 07.07.2021 होने के कारण उक्त भूखण्ड का नामांतरण इनके वारिसान 1. धर्मप्रकाश पुत्र स्व.श्री भूपत 2.मालती पुत्री स्व. श्री भूपत 3. पंकज भूपडा पुत्र स्व. श्री भूपत 4. प्रीती पुत्री स्व. श्री भूपत जाति माहेश्वरी निवासी गफूर भट्टा कच्ची बस्ती जैसलमेर द्वारा अपने नाम दर्ज करवाना चाहते है। अत: किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

आयुक्त, नगर परिषद, जैसलमेर

**कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर ( राज ) 345001**

क्रमांक/भूमि/2024-25/569 दिनांक: 10/07/2024

प्रसारित नोटिस उजरदारी

श्री रावता राम पुत्र श्री साजन राम जाति भील निवासी गीता आश्रम कच्ची बस्ती जैसलमेर द्वारा एक आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भुखण्ड संख्या C-268 साईज 25 गुणा 50 कुल 1250 [illegible] जो कि श्री कमलकिशोर पुत्र श्री मोहनलाल जाति माहेश्वरी निवासी ग्राम धोबा खुहडी तहसील व जिला जैसलमेर राजस्थान से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र से क्रय किया गया है। उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण श्री रावता राम पुत्र श्री साजन राम जाति भील निवासी गीता आश्रम कच्ची बस्ती ,जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है अत किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

आयुक्त, नगर परिषद, जैसलमेर

**कार्यालय ग्राम पंचायत बासडा धनजी पंचायत समिति, जसवन्तपुरा**

क्रमांक/बाघ/91 दिनांक: 10.07.2024

ई-निविदा सूचना संख्या- 01/2024-25

पंचायत समिति जसवन्तपुरा के अधीनस्थ ग्राम पंचायत बासडा धनजी के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि (निविदा प्रभावी होने की तिथि) के दौरान महात्मा गाँधी नरेगा योजना एवं अन्य विभागीय योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण साम्रगी एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013(आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अर्न्तगत मूल्य कर अधिनियम 2003 के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत अनुभवी एवं इच्छुक विनिर्माता(ओं)/ विक्रेता(ओं)/फर्मो/संवेदकों/ आपूर्तिकर्ता(ओं) से, जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लैक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ई- निविदा संबंधी समस्त विस्तृत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-निविदा आनलाईन अपलोड की जा सकती है।

सरपंच, ग्राम पंचायत बासडा धनजी, पंचायत समिति जसवंतपुरा

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बासडा धनजी, पंचायत समिति जसवंतपुरा

**कार्यालय पंचायत समिति गुड़ामालानी (बाडमेर)**

क्रमांक: पस./गुडा/निविदा/2024/557 दिनांक: 15.07.2024

निविदा सूचना- 01/2024-25

कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये उपयोगी आवश्यक सामग्री/सेवाओं (सेवा/सामग्री का नाम- 01.फोटो स्टेट कार्य, 02.अल्पाहार एवं भोजन व्यवस्था, 03 कम्प्यूटर एवं प्रिन्टर की सामग्री क्रय, रिपेयेरिंग तथा टोनर रिफलिंग, 04.टेन्ट, लाईट की व्यवस्था, 05. सामान्य स्टेशनरी, 06. रथ एवं माईक व्यवस्था, 07. साफ-सफाई की सामग्री, 08. विडियो ग्राफी एवं फोटो ग्राफी, 09.फलैक्स बैनर, पोस्टर, कार्ड छपवाना, 10. किराये पर वाहन बोलरो) की आपूर्ति हेतु इच्छुक जीएसटी पंजीकृत फर्मो से मोहरबन्द खुली दर संविदाएं/निविदाएं दिनांक 24.07.2024 को प्रात: 11.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। क्रय सामग्री/सेवाओं सम्बन्धी अन्य विस्तृत विवरण एवं शर्ते/सूचना दिनांक 15.07.2024 से वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर पढी/देखी जा सकती है। UBN No.-

| | | |
|---|---|---|
| ZPA2425SSRC00003 | ZPA2425SSRC00004 | ZPA2425SSRC00006 |
| ZPA2425SSRC00009 | ZPA2425SSRC00008 | ZPA2425SSRC00010 |
| ZPA2425SSRC00007 | ZPA2425SSRC00005 | ZPA2425SSRC00012 |
| ZPA2425SSRC00011 | | |

कार्यकारी अधिकारी एवं विकास अधिकारी, पंचायत समिति गुडामालानी

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल पोकरण जिला जैसलमेर (राज.)**

क्रमांक/न.पा.पो./भूमि/20/2225 दिनांक : 15.07.2024

आपत्ति सूचना

नगरपालिका पोकरण में आवेदक संस्थान द्वारा 69 क के तहत पट्टे प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

| क्र.सं. | आवेदक का संस्था का नाम | जिले सहित तहसील का नाम | कॉलोनी | क्षेत्रफल | चाहे गये आवेदन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुकेश रंगा पुत्र राधेश्याम रंगा जाति रंगा | पोकरण/जैसलमेर | पी.डब्लु.डी. ऑफिस के पास पोकरण | 3000 व.फी | वाणिज्य प्रयोजनार्थ |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को अक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही हैं और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 15.07.2024 को जारी की गई।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका मण्डल पोकरण

